कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना

सं. स्था.(ले.प.)/विविध प्रतिवेदन /21-22/पार सं. 27 दिनांक 13.05.2021

सेवा में,

सभी नियंत्रण अधिकारी/ अनुभागीय अध्यक्ष

कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना

विषयः आईटी लेखापरीक्षा पर द्विवार्षिक ई-जरनल 'PersuIT ' का 2020-21 के प्रथम अंक के संबंध में ।

महोदय,

आईसीआईएसए द्विवार्षिक ई-जरनल 'PersuIT ' का प्रकाशन करती है । ई-जरनल आईसीआईएसए की वेबसाईट पर प्रकाशित की जाती है । इस संबंध में आईसीआईएसए ने अपने पत्र सं. 463/RNI-Jour0FOJ/1/2018-RnI दिनांक 17.02.2021 (प्रतिलिपि संलग्न) के तहत भारतीय लेखापीक्षा एवं लेखा विभाग के सदस्यों से ई-जरनल 'PersuIT ' (2021 का प्रथम अंक) के अगले अंक के लिए 15 मार्च 2021 तक एक रचना जो कि One IA&AD One System (OIOS) थीम पर हो, प्रदान करने का अनुरोध किया था । रचना समर्पित करने की अंतिम तारीख को अब 20 मई, 2021 तक विस्तारित कर दिया गया है । इस कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी अपनी रचना/रचनाएँ आईसीआईएसए को समर्पित करने हेतु dubeyak.bih.au@cag.gov.in पर ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं ।

निम्नलिखित दिशा-निर्देशों के अनुसार थीम से संबंधित रचना/रचनाएँ समर्पित की जा सकती हैः-

1. रचना न्यूनतम 1000 एवं अधिकतम 3000 शब्दों में होनी चाहिए ।

2. रचना आईटी एवं आईटी लेखापरीक्षा से संबंधित होनी चाहिए ।

3. रचना पाठकों के लिए सामग्री की लम्बाई एवं औचित्य अनुसार सम्पादित होनी चाहिए ।

4. रचना प्रदान करने वालों को एक्जीबिट्स, ग्राफिक्स और आर्टवर्क के लिए प्रोत्साहित किया जाता है । ये पाठकों को आपकी रचना में प्रदत्त सूचनाओं को समझने एवं ग्रहण करने में सहयोग प्रदान करते है ।

5. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में ईलेक्ट्रॉनिक प्रस्तुतिकरण अपेक्षित है ।

6. इन दस्तावेजी पैमानों का अवश्य पालन किया जाना चाहिए ।

- ट्रैक चेंजेज को टर्न ऑफ कर दें तथा सुनिश्चित करे सभी चेंजेज/परिवर्तनों को स्वीकार/निरस्त कर दिया गया है, जहाँ उचित हो ।
- सभी कमेन्ट्स/टिप्पणियों को हटा दें ।
- स्पेशल कैरेक्टर्स या कुंजियों से परहेज करें (उदाहरणार्थ इंडेन्ट के लिए इंटेन्ट कुंजी के बजाय टैब का प्रयोग करें ।)
- रचना की समाप्ति पर क्रैडिट सोर्स से फूटनोट्स की बजाय एण्डडॉट्स का प्रयोग करें ।
- सामग्री को अंग्रेजी में प्रस्तुत करें ।

7. सभी सम्बद्ध स्रोत की सूचनाओं (यथा लेखक, प्रकाशक, पुस्तक या रचना का शीर्षक, पत्रिका का नाम, प्रकाशन की तारीख/वर्ष, प्रकाशन करने वाला देश) को शामिल करें ।

8. सभी सामान्य संदर्भ/संदर्भों के लिए संदर्भ खण्ड को शामिल करें ।

9. वे रचनाएँ जो पूर्णतः रचनाकार की मूल रचना नहीं हैं, के लिए उद्धरण या कॉपीराइट ऐक्नॉलेजमेन्ट की आवश्यकता होगी । दूसरों की कीर्ती को उचित रुप से उद्धरित एवं आभारोक्ति प्रदान करें ।

10. हस्तलिपि सम्पादकीय बोर्ड/समिति की समीक्षा के अधीन है ।

भवदीय,

ह/-

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन)